तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 18.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 25 मार्च 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
किसानों ने विद्युत विभाग की निकाली शव यात्रा, लो वोल्टेज से हैं परेशान



## खबर संक्षेप

### जंगल से भटककर लछनपुर पहुंचा चीतल



**जांजगीर-चांपा।** जंगल से भटककर घायल चीतल जांजगीर क्षेत्र के ग्राम लछनपुर पहुंच गया। इस बीच सूचना पर वन विभाग की टीम ने उसका रेस्क्यू किया। चीतल को घायल अवस्था में उपचार के लिए बलौदा स्थित पशु चिकित्सा क्षेत्र बलौदा ले जाया जा रहा था, जहां बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। ज्ञात हो कि सोमवार 23 मार्च को जांजगीर क्षेत्र के ग्राम पंचायत लछनपुर में सुबह एक बड़ी खबर सामने आई, जहां जंगल से भटककर एक चीतल गांव में पहुंच गया। हिरण दिखाई देने की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद चीतल का रेस्क्यू किया गया। बताया जा रहा है कि सोमवार 23 मार्च की सुबह करीब 10 बजे मड़वा प्लांट से लगे ग्राम लछनपुर के दंतेश्वरी मंदिर के पास हिरण दिखाई दिया। गांव में खबर तेजी से फैलने के बाद लोग बड़ी संख्या में उसे देखने पहुंच गए, जिससे हिरण घबराकर इधर-उधर भागने लगा और भटकते हुए मड़वा प्लांट की ओर चला गया। वन विभाग को सूचना मिलने के बाद टीम तत्काल मौके पर पहुंची और प्लांट कॉलोनी से कुछ दूरी पर बने भूनंदी नाला के पास चीतल को सुरक्षित पकड़ लिया गया।

### चिटफंड कंपनी मसे राशि वापस दिलाने पैदल मार्च

**सक्ती।** चिटफंड कंपनी में डूबी राशि को वापस करने की मांग को लेकर निवेशकों ने सोमवार को पैदल मार्च निकाला। वहीं उचित कार्रवाई की मांग लेकर लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा। पीड़ित जमाकर्ता परिवार के द्वारा सांसद प्रतिनिधि को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मोदी की गारंटी में अपने घोषणा पत्र में चिट फंड कंपनियों के रकम वापसी के लिए वादा किया गया था । देश में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भी अभी तक चिट फंड के पीड़ितों के लिए कोई सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण समस्त चिट फंड कंपनियों में डूबी हुई ग्राहकों को सरकार के प्रति असंतोष है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार के द्वारा रकम को वापसी हेतु अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 के तहत रकम की वापसी सुनिश्चित करना चाहिए। अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 तत्काल लागू करें। चित फंड कंपनियों का पैसा वापस करें । अपनी घोषणा पत्र का वादा पूरा करें। सरकार द्वारा पारित कानून अनियमित जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 का क्रियान्वयन हेतु ठगी पीड़ित जमा करता परिवारों की चिट फंड कंपनियों में डूबी हुई राशि को वापस करने हेतु पैदल मार्च निकाला गया और सांसद के प्रतिनिधि को मसानिया कला सक्ती में ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की हैं।

चालकों-कर्मचारियों का पुलिस चरित्र सत्यापन और मेडिकल परीक्षण अनिवार्य रूप से कराने दिए निर्देश

# लापरवाही और नियम उल्लंघन पर बस ऑपरेटरों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में संचालित समस्त निजी बस ऑपरेटरों की बैठक लेकर बस संचालन व्यवस्था की समीक्षा की बैठक के दौरान उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा, समयबद्ध संचालन, निर्धारित किराया का पालन करने, वाहनों की फिटनेस, जरूरी सुरक्षा उपकरण, प्राथमिक चिकित्सा किट, ओवरलोडिंग सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित बस ऑपरेटरों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री व्यास द्वारा बस ऑपरेटरों को बस स्टैण्ड जशपुर में सममसीमा का ध्यान रखकर बस संचालन करने, बस स्टैण्ड में यातायात व्यवस्था बाधित न हो इसलिए बस को अनावश्यक रूप से बस स्टैण्ड में खड़े न रखते हुए व्यवस्थित रखने, बस स्टैण्ड से बस निकलते समय अनावश्यक रूप से सवारी लेने के नाम पर बाहर रास्ते में वाहन खड़ी न करने, सवारी लेते समय बीच सड़क में बस खड़ी न करने, बस में क्षमता से अधिक सवारी न चढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही बस संचालकों को अपने सभी बसों का नियमित रूप से फिटनेस चेक कराने, बस की बीमा वैधता का ध्यान में रखने, महिला-पुरुष एवं बच्चों के बस में बैठने का विशेष व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने बस चालकों के मेडिकल परीक्षण नियमित रूप से कराने, सभी बसों का परमिट, बीमा और फिटनेस प्रमाण-पत्र अपडेट रखने, प्रशासन द्वारा निर्धारित दरों से अधिक किराया यात्रियों से वसूली न करने, ओवरलोडिंग और क्षमता से अधिक यात्री न बैठाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री व्यास ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बस के भीतर हेल्पलाइन नंबर और शिकायत नंबर अनिवार्य रूप से लिखे, ताकि जरूरत के समय यात्रियों को जरूरी मदद मिल सके।

कलेक्टर ने जिले में संचालित समस्त निजी बस ऑपरेटरों की बैठक लेकर बस संचालन व्यवस्था की समीक्षा



### ई ऑफिस का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन कलेक्टर जनदर्शन और टीएल के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारियों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लोगों को देने के लिए कहा है। और घरों में स्मार्ट मीटर लगाने के दिए गए लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पोर्टल में अपना पंजीयन करवाने के निर्देश दिए हैं और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तीन कोर्स पूरा करके प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तीन कोर्स अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने ई ऑफिस के संचालन की प्रगति की समीक्षा की और सभी विभागों के अधिकारियों को ई ऑफिस के माध्यम से ही फाइल भेजने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सहायक ⏭ शेष पेज 4 पर

# मुख्यमंत्री निवास बगिया में रामनवमी महायज्ञ आज से

## चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री निवास बगिया में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच श्री रामनवमी पर महायज्ञ का भव्य आयोजन 25 से 28 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।इस चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है और आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

- कलश यात्रा के साथ शुरू होगा महायज्ञ कार्यक्रम
- सत्य सनातन धर्म, देवी संत समाज द्वारा किया जा रहा है आयोजन, जुटेंगे हजारों श्रद्धालु

कार्यक्रम की शुरुआत 25 मार्च को कलश यात्रा एवं मूर्ति स्थापना के साथ होगी। इस दिन पूजा, हवन, आरती के साथ लीला एवं भजन- कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।26 मार्च को पूजन, हवन, आरती, प्रवचन एवं भजन-कीर्तन आयोजित होंगे।27 मार्च को विशेष पूजन, हवन, नवकन्या पूजन, पूर्णाहुति आरती के साथ रात्रि में भव्य लीला एवं भजन-कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया है। 28 मार्च को सहस्त्रधारा स्नान, आशीर्वाद, मूर्ति विसर्जन एवं प्रसाद वितरण के साथ यज्ञ का समापन होगा।यह आयोजन ग्राम बगिया के यज्ञ स्थल पर किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम धर्म संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव स्वामी सर्व श्री धनपति पण्डा जी महाराज (गुरुधाम मुंडियापानी, लैलूंगा, रायगढ़) आशीर्वाद से पूजा सम्पन्न होगा। सत्य सनातन धर्म, देवी संत समाज आयोजन समिति द्वारा समस्त श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की गई है। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति संगीत, कथा-प्रवचन और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय रहेगा।

# जशपुर में टैक्स नहीं चुकाने वालों पर होगी कार्रवाई

## दुकानों पर लगेगा ताला, 20 वार्डों में घर-घर पहुंचेगी टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नगर पालिका में बकाया कर वसूली को लेकर अब निर्णायक चरण शुरू हो गया है। शहर के सभी 20 वार्डों में एक साथ अभियान चलाकर संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, दुकान किराया और यूजर चार्ज की वसूली तेज कर दी गई है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अब किसी भी बकायादार को बख्शा नहीं जाएगा। नगरपालिका की टीमें लगातार घर-घर और दुकानों तक पहुंच रही हैं, लेकिन इसके बावजूद शहर के कई बड़े और प्रभावशाली बकायादार कर जमा करने में टालमटोल कर रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय ने राजस्व अमले की विशेष बैठक लेकर सख्त निर्देश दिए हैं कि हर हाल में बकाया वसूली सुनिश्चित की जाए।

- बड़े बकायादारों के नाम होंगे सार्वजनिक, जल कनेक्शन कटेंगे

### बनेगा सामाजिक दबाव

कर नहीं चुकाने वालों पर दबाव बनाने के लिए अब उनके नाम सार्वजनिक किए जाएंगे। नगरपालिका शहर के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग बोर्ड लगाकर बड़े बकायादारों की सूची प्रदर्शित करेगी। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि सामाजिक दबाव भी बनेगा।

### जलकर बकाया पर कनेक्शन कटेंगे

जलकर नहीं चुकाने वालों के खिलाफ भी सख्त रुख अपनाया गया है। बकाया राशि जमा नहीं करने पर उनके नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शहर में अवैध नल कनेक्शन रखने वालों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी है। ऐसे मामलों में कनेक्शन काटने के साथ पुलिस के माध्यम से कानूनी कार्रवाई भी होगी।

### छुट्टी के दिन भी खुलेगा कार्यालय

नगरवासियों को राहत देते हुए नगरपालिका ने अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। अब लोग छुट्टी के दिन भी कार्यालय जाकर अपना बकाया कर जमा कर सकेंगे।गौरतलब है कि नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव एस. वसव राजू ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को शत-प्रतिशत कर वसूली के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत जशपुर नगरपालिका अब एक्शन मोड में आ गई है और हर स्तर पर सख्ती बरतते हुए लक्ष्य हासिल करने में जुटी है।

### दुकानों पर शीलिंग की तैयारी, प्रशासन अलर्ट

दुकान किराया नहीं चुकाने वाले व्यापारियों पर अब सीधी कार्रवाई की जाएगी। नगरपालिका प्रशासन ने ऐसे दुकानदारों की सूची तैयार कर ली है और जल्द ही उनकी दुकानों को शील करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (आईएएस) अनिकेत से चर्चा कर बड़ी कार्रवाई की रणनीति बनाई जा रही है।

# न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला जेल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जशपुरनगर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सत्येन्द्र कुमार साहू, कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेन्द सिंह ने आज जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल परिसर के विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया।

इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, जेल अस्पताल, पाकशाला (रसोईघर), वालगार्ड एवं बैरकों का निरीक्षण किया गया। बंदियों के भोजन, आवास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया, जिसमें किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई। निरीक्षण के दौरान कुछ बंदियों द्वारा



अपने-अपने प्रकरणों से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु न्यायाधीशों के समक्ष निवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जेल अधीक्षक द्वारा जेल संचालन में आ रही समस्याओं एवं कमियों की जानकारी भी अधिकारियों को दी गई, जिस पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल में बंद कैदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जेल परिसर की स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, पेयजल व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को ⏭ शेष पेज 4 पर

### जन्म-मृत्यु के पंजीयन में देरी पर सख्ती

**जशपुरनगर।** जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के उप संचालक एवं जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर को पत्र जारी कर जन्म-मृत्यु पंजीयन में हो रही देरी पर ध्यान आकर्षित की गई है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सीएमएचओ के अधीनस्थ सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के रजिस्ट्रार व उप रजिस्ट्रार द्वारा माह अगस्त 2025 से सितम्बर 2025 की हड़ताल अवधि के दौरान हुई जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं के विलंबित पंजीयन की प्रक्रिया अत्यंत धीमी गति से संपादित की जा रही है। नियमानुसार संस्थागत जन्म एवं मृत्यु की निर्धारित समय-सीमा में पंजीयन संबंधित संस्था प्रभारी की जिम्मेदारी होती है तथा विलंब पंजीयन की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। हालांकि हड़ताल के कारण उत्पन्न विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विलंब पंजीयन की अनुमति प्रदान की जा रही है। उप संचालक एवं जिला रजिस्ट्रार ने निर्देश दिए हैं कि अधीनस्थ पंजीयन इकाइयों को तत्काल निर्देशित किया जाए कि हड़ताल अवधि के लंबित जन्म एवं मृत्यु पंजीयन प्रकरणों को 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन कर पूर्ण किया जाए।




किसानों को मिले नए बाजार के अवसर

# कृषि क्रांति एक्सपो में 17 कंपनियों ने दिखाई रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला प्रशासन द्वारा कुनकुरी में आयोजित कृषि क्रांति एक्सपो में किसानों का उत्साह चरम पर दिखाई दे रहा है। एक्सपो के अंतर्गत आयोजित डेमॉन्स्ट्रेशन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित होकर सक्रिय रूप से भागीदारी सुनिश्चित की।

- औषधीय एवं उद्यानिकी फसलों के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

एक्सपो में विभिन्न कृषि उत्पादों, आधुनिक तकनीकों एवं स्थानीय उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने किसानों और आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए 17 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, वहीं जिले के 40 लीडर किसानों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कंपनियों के साथ सीधे संवाद स्थापित किया। एक्सपो में विभिन्न कंपनियों ने जशपुर जिले के कृषि उत्पादों में विशेष रुचि दिखाई। महाराष्ट्र से आई एक कंपनी ने जिले के ऑर्गेनिक उत्पादों को लेकर उत्साह जताया, जबकि पटना (बिहार) से आए श्री शुभम बर्नवाल ने मिलेट, कटहल एवं सरसों आधारित उत्पादों की खरीद में रुचि दिखाई। ⏭ शेष पेज 4 पर




### कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग और निर्यात की संभावनाएं

ग्लोबल हर्ब्स कंपनी की प्रतिनिधि श्रीमती रजनी गाबा ने जिले के गिलोय, आंवला, हल्दी, सफेद मूसली, जामुन गुठली जैसे औषधीय उत्पादों की मांग जताई। उन्होंने बताया कि दक्षिण भारत से इन उत्पादों का निर्यात महंगा पड़ता है, इसलिए जशपुर से आपूर्ति की संभावना अत्यंत लाभकारी है। इसके अलावा कुसुम बीज, लाख, पीपल, नागरमोथा, करंज बीज और साल बीज की भी मांग व्यक्त की गई। इसी क्रम में राइस एक्सपोर्टर श्री जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि वे जिले से आईआर-64 एवं स्वर्णा जैसी धान किस्मों का निर्यात करना चाहते हैं। इसके लिए चावल के नमूनों का प्रयोगशाला परीक्षण कराया जाएगा और अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरने वाले उत्पादों का निर्यात किया जाएगा।

